हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

सोमवार, 15 जनवरी 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

PAGE NO – 7. TOP MIDDLE

इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का सोमवार को स्टेडियम के मल्टीपरपज हॉल में शुभारंभ होगा। 20 जनवरी तक चलने वाली प्रतियोगिता में 650 वरीयता प्राप्त सीनियर और जूनियर खिलाड़ी भाग लेंगे।

जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की इस प्रतियोगिता में पहले दो दिन क्वालीफाइंग राउंड के मैच होंगे। क्वालीफाइंग राउंड में जीतने पर गैर वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को मुख्य ड्रा में शामिल होने का मौका मिलेगा।

क्वालीफाइंग राउंड में खिलाड़ियों की बड़ी संख्या के कारण स्टेडियम के साथ एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में भी मैच कराए जाएंगे। सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए सुबह आठ बजे स्टेडियम से एसआरएमएस के लिए बस मिलेगी। दोपहर में यह बस एक चक्कर और लगाएगी।

प्रतियोगिता में डेनियल फरीद, अतुल जोशी, अंसल यादव, हर्षित अग्रवाल, शुभम प्रजापति, चिराग सेन, अरुण जार्ज, संयम शुक्ला, उत्कर्ष अरोड़ा, विनेश, फ्रांसिस, नंद गोपाल, प्रकाश राज, वैभव, अनुरा प्रभुदेसाई, रसिका राज, प्रिया मुखर्जी, रेशमा कार्तिक आदि अपने खेल का जादू दिखाएंगे।

आयोजन

- स्टेडियम में 20 जनवरी तक चलेगी प्रतियोगिता
- 650 वरीयता प्राप्त सीनियर व जूनियर खिलाड़ी लेंगे हिस्सा